## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**कटनी।** भगवान परशुराम की जयंती पर मसुरहाघाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद शाम को शहर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 30 अप्रैल को ब्राम्हण सत्संग भवन में सुबह 9 बजे से भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा, इसके बाद पूजन व हवन होगा। वहीं शाम 5 बजे से शहर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा 30 अप्रैल को शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे से प्रारंभ होगी। यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों क्रमशः दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए पुनः ब्राम्हण सत्संग भवन में आकर समाप्त होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के स्वरूप की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी, जिसमें उनके जीवन और कार्यों को दर्शाया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य झांकियां भी यात्रा का हिस्सा होंगी जो उत्सव में भक्ति और उत्साह का संचार करेंगी। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह छबील का आयोजन किया जाएगा, साथ ही पुष्प वर्षा की व्यवस्था होगी। शोभायात्रा के समापन स्थल पर भगवान परशुराम की भव्य महाआरती की जाएगी। जिला अस्पताल मार्ग स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां चाणक्य ब्राम्हण महासभा परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज 29 अप्रैल को शाम 4 बजे से मातृशक्ति परिचय व मेहंदी महावार लगाने का कार्यक्रम होगा। वहीं 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम जयंती के दिन भगवान परशुराम का अभिषेक व हवन, पूजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का समापन भोजन प्रसाद से होगा।

### किसान गेहूं की बिक्री के लिए कल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 5 मई तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि वह अपने गेहूँ के स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल तक कर सकते हैं।

### बेरोजगार युवाओं के पास स्व रोजगार का सुनहरा मौका

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें समस्त आवेदक पात्रता अनुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक को मप्र का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। साथ ही ऐसे युवा जो न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो एवं वार्षिक आय 12 लाख से कम हो, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक युवा परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, बैंक पासबुक, कोटेशन, पेनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों के साथ एमपी ऑनलाइन से आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं।

---

### कुठला थाना क्षेत्र में हुई वारदात, पुलिस अधिकारियों ने किया मौका मुआयना, जांच जारी

# पन्नी कालोनी में हुआ खूनी विवाद, युवक को मौत के घाट उतार फेंकी लाश, हमलावर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





किसी बात को लेकर युवकों के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक को अपनी जान गंवानी पड़ गई। खूनी विवाद की यह वारदात कुठला थाना अंतर्गत पन्नी कॉलोनी में हुई। युवक की रक्त रंजित लाश पाए जाने से पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार गत देर रात नशे में युवकों का विवाद हुआ जिसके बाद एक युवक ने दूसरे के ऊपर हथियार से कई बार वार किया और गंभीर रूप से घायल करने के बाद पास ही मौजूद एक व्यक्ति के मकान के अंदर अचेत अवस्था में मृतक को फेंक दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

बताया जाता है कि पन्नी कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय प्रदीप कोल का विवाद देर रात शराब के नशे में स्थानीय युवकों से हुआ। विवाद इस कदर बढ़ा कि युवकों ने प्रदीप के ऊपर घातक हथियार से हमला कर दिया। गंभीर चोट के चलते प्रदीप अचेत होकर सड़क पर गिर गया। प्रदीप को अचेत देख हमलावर युवक ने उसे पास के मकान में फेंक दिया और रफू चक्कर हो गया। सुबह जब प्रदीप की मौत की खबर क्षेत्र में फैली तो घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी वहां जा पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

#### हादसे में युवक की मौत

जन्मदिन की पार्टी मनाकर लौट रहे एक युवक की हादसे में मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी से शास्त्री कॉलोनी निवासी वैभव बर्मन 22 साल गाटरघाट में दोस्तों संग जन्मदिन पार्टी मनाने गया था। पार्टी मनाकर लौटते समय वैभव बर्मन दोस्तों की बाइक से पीछे से टक्कर लगने पर वैभव खंभे से जा टकराया। इस घटना में उसे गंभीर चोट लगी एवं अधिक खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

#### हादसे में बाइक सवार दो गंभीर

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी और पटौहा के बीच 28 अप्रैल को एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 108 एंबुलेंस पहुंची और घायलों को तत्काल रीठी के शासकीय अस्पताल लाया गया। यहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना कटनी दमोह मुख्य मार्ग पर स्थित देवरी और पटौंहा के बीच हुई है, जिसने एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमे दोनो युवक घायल हो गए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया है।

#### पेड़ से टकराई कार, बच्ची गंभीर

एनकेजे थाना अंतर्गत जुहला-जुहली रोड पर एक कार का ब्रेक फेल होने के कारण वह पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार रमेश बर्मन, उषा बर्मन, मासूम बच्ची परी बर्मन 10 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को यहां से गुजर रहे एक जन शिक्षक रोशन नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह घायलो को अपनी कार से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। इस घटना में मासूम बच्ची परी गंभीर रूप से घायल हुई है।

---



### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु निर्देश जारी

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इन निर्देशों के अनुकम में अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह मुहुत में होने वाले विवाहों एवं सामूहिक विवाहों में बाल विवाह होने की प्रबल संभावना होती है। इस अवसर पर विशेष रूप से बाल विवाह पर निगरानी रखते हुये बाल विवाह रोकथाम किये जाने के निर्देश दिये गये है। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को जारी निर्देश के अनुसार बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाहों एवं सामूहिक विवाहों में बाल विवाह होने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही बाल विवाह में शामिल बाराती, पंडित, हलवाई व टेंट वाले भी दोषी होंगे व उनके विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

---

**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपित को भेजा जेल**

## चारपहिया वाहन से हो रही थी तस्करी, 77 हजार रूपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



चारपहिया वाहन से शराब की तस्करी करने वाले को कुठला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार कुठला पुलिस को बीती रात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्रमांक MP21-CA-3027 में भारी मात्रा में अवैध शराब चाका बायपास से ट्रांसपोर्टनगर की तरफ परिवहन की जाने वाली है, जिसकी सूचना पर उक्त कार की तलाश की जा रही थी तभी उक्त कार चाका बायपास की ओर से ट्रांसपोर्टनगर तरफ की सर्विस रोड़ से आती दिखी, जिसे घेराबन्दी करने पर चालक पुलिस को देखकर कार को तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसका पीछा कर कुठला पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर चाका ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले सर्विस रोड़ चाका ओव्हर ब्रिज के नीचे बगल में टाटा मांजा कम्पनी की कार क्रमांक MP21CA3027 को पकड़ा गया। जिसे चला रहे व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम संगम गुप्ता उर्फ वेदान्त गुप्ता पिता सुभाष कुमार गुप्ता 23 वर्ष निवासी नई बस्ती गांधीगंज थाना कोतवाली का होना बताया।

तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 16 कार्टूनों में भरी 800 पाव कुल 144 लीटर कीमत 77,000 रूपये व मीडिया लिखी हुई कार को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त शराब कन्हवारा बायपास में किसी व्यक्ति द्वारा जिसे वह नही पहचानता बोलेरों वाहन से लाकर उसे दी गई है जिसे वह पवन व सौरभ के बताये अनुसार गाटरघाट कटनी में पहुँचाने ले जा रहा था।

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें उप निरीक्षक सौरभ सोनी, के के सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, बालकृष्ण तिवारी, मनोज सिंह राजपूत की भूमिका रही।

---

### मुस्कान विश्वास का महिला एमपीएल में हुआ चयन



महिला क्रिकेटर मुस्कान विश्वास ने कटनी जिले का गौरव बढ़ाया है। एचएलसीए की महिला क्रिकेटर मुस्कान बिस्वास का महिला एमपीएल (मध्य प्रदेश लीग) में चयन हुआ है। यह टूर्नामेंट मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। उनके कोच हिमांशु लालवानी का कहना है कि मुस्कान ने ये उपलब्धि अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष व लगन से प्राप्त की है। मुस्कान शहर से 20 किलोमीटर दूर रैपुरा गांव से अभ्यास करने रोजाना आती हैं और अपने गांव में भी अभ्यास करती हैं। एमपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने पर महिला आईपीएल के लिए भी रास्ते खुल सकते हैं। मुस्कान की इस उपलब्धि पर विधायक संदीप जायसवाल, डीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह, सचिव राजेश डेविड एवं पूर्व खिलाड़ियों की बधाई दी है।

---

## 5वीं और 8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना के संबंध में निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में बताया गया है कि कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा के 5 दिन बाद 3 अप्रैल 2025 से परीक्षा पोर्टल पर पुनर्गणना की सुविधा लाइव की जा चुकी है।

पुनर्गणना के लिये विद्यालय के माध्यम से छात्रों के पुनर्गणना के आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत किये जा रहे हैं। विद्यालयों से कहा गया है कि rskmp.in पोर्टल पर लॉग इन कर पुनर्गणना विंडो को ओपन कर कक्षा 5 और 8 का चयन किया जा सकता है। जिन छात्रों द्वारा विद्यालय के समक्ष उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना के लिये ऑफ लाइन आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं, उनके संबंध में पोर्टल में पंजीकरण करते हुए पुनर्गणना के चयनित विषयों को सबमिट किया जाये। छात्रवार एक से अधिक विषय की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना करायी जा सकती है। निर्धारित समयावधि के बाद किसी भी परिस्थिति में पुनर्गणना के लिये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्रक्रिया में 21 अप्रैल तक विद्यालय के माध्यम से छात्रों के पुनर्गणना के आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत किये जायेंगे। 21 अप्रैल रात्रि 12 बजे के बाद यह सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी पुनर्गणना के लिये समस्त आवेदनों की पुनर्गणना के बाद संशोधित प्राप्तांकों की एंट्री पोर्टल पर 28 अप्रैल तक करने के लिये कहा गया है। इस तिथि का पालन न करने पर मूल्यांकन अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना की प्रक्रिया में 21 अप्रैल तक आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिये समस्त शालाओं को सूचित करने का उत्तरदायित्व डीपीसी, बीआरसीसी और जनशिक्षकों का संयुक्त रूप से निर्धारित किया गया है।

---

## जगह-जगह गढ्ढे, बिखरी गिट्टियों से आवागमन जोखिम भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



गिट्टियों से पटी पड़ी सडक़, गुजरते समय धसती, फिसलती बाइक, कभी अनियंत्रित-बेकाबू होते ऑटो रिक्शा और छोटे चार पहिया वाहन। वाहनों के पहियों के दबाव से रह-रहकर उछलने वाली गिट्टियों से चोटिल होने के भय से घबराए लोग और राहगीर। यह स्थिति है झिरिया से मढ़ाना की तरफ जाने वाली सडक़ की। लाखों रुपये की लागत से बनी इस सडक़ में अब गिट्टियां निकल आई है। झिरिया से शुरू हुआ यह मार्ग कारीपाथर, मढ़ाना, धरवारा और स्लीमनाबाद की तरफ निकल जाता है। सड़क की स्थिति यह है कि आमजन का आना-जाना भी दुश्वार हो गया है। बड़े वाहनों के निकलने से तो इस सडक़ की दुर्दशा और भी ज्यादा खराब हो गई है। सड़क पर छोटी बड़ी गिट्टियां निकल आई हैं। गिट्टी की परत से गुजरते समय बाइक सवार फिसल जाते हैं वहीं ऑटो रिक्शा- छोटे चार पहिया वाहन फिसल रहे हैं। तेज रफ्तार वाहन दिशा बदलकर सडक़ के एक किनारे से दूसरे तक छोर पर पहुंच जाते हैं। सडक़ की ये गिट्टियां क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों के लिए मुश्किल खड़ी कर रही हैं। भारी और तेज रफ्तार वाहनों के पहियों से गिट्टियां किसी गोली की तरह उछलती हैं। इनके लगने से सडक़ से गुजरते राहगीर जख्मी हो रहे हैं। पांव, सिर में गिट्टी लगने से लोगों की जान ही जोखिम में पड़ जाती है।सबसे ज्यादा समस्या तो भनपुरा से झिरिया और मढाना तक है। सडक़ पर गिट्टियां निकलने से दो चार पहिया वाहन और ऑटो रिक्शा को चलाने जगह ही नहीं है। मजबूरी में इन्हीं गिट्टियों के बीच से वाहन चलाना पड़ता है। गिट्टियां लगने से वाहनों के टायरों में कट लग रहे हैं। वाहनों के ईंधन का खर्च भी बढ़ गया है क्योंकि अब कम दूरी तय करने में ही ज्यादा पेट्रोल लग रहा है। सडक़ की हालत खराब होने से ग्रामीण और राहगीर दोंनो परेशान है।

इस सडक़ गुजरने वाले घनश्याम सिंह, धर्मेंद्र गर्ग, सुमित सिंह, दिप्पू नामदेव, चंदन कोल, नीता विश्वकर्मा, रमाबाई आदिवासी, रोशनी चौधरी, संध्या तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में सडक़ों का कोई रखवाला नहीं रहा। तभी जनता को इन टूटी सडक़ों पर चलना पड़ रहा। सडक़ बनवाई लेकिन सही मटेरियल न लगने के कारण सडक़ें फिर से गड्ढों में तबदील हो गई। हालात ये कि फिसलकर लोग चोटिल हो रहे। लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं और इनपर चलने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

### जल गंगा संवर्धन गीत की धुन मे स्वच्छता और संरक्षण का दिया संदेश

## ग्रामीणों की भागीदारी से पठरा के हनुमान तालाब में हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह की अगुवाई मे चलाये जा रहे जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान 2025 (30 मार्च से 30 जून 2025) को सफल बनाने हेतु बजरंग धाम पठरा के हनुमान तालाब मे कालीमाता स्व सहायता समूह, राधेकृष्ण स्व सहायता समूह, गणेष स्व सहायता समूह सदस्य, उप सरपंच अनिल सिंह, रोजगार सहायक सुशील कुशवाहा, सुरेश विश्वकर्मा, समिति कार्यकर्ता चन्द्रपाल कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव, गुलशन सिंह, रघुवीर सिंह व अन्य ग्रामीणों सहित 40 सहभगियों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पठरा के हनुमान मंदिर परिसर मे बने हनुमान तालाब की मिलकर साफ सफाई की गई। यहां पर बने हनुमान मंदिर, शनि मंदिर और सुन्दर सा तालाब धार्मिक और पर्यटक स्थल को बढ़ावा दे रहा हैं।

निर्भय सिंह द्वारा बताया गया की हमारी टीम कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक और ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक के अलग अलग गांव मे जाकर लगातार जल संरक्षण और सम्वर्द्धन तथा स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचा रही है। अभियान को मूर्तरूप देने के लिए हमारी टीम हर रोज अलग अलग तरीके अपनाकर बैठक, संगोष्ठी, संवाद, रैली, गीत संगीत आदि के माध्यम से संदेश दे रही है। हमारा मानना है कि इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों तक खबर जायेगी तो जरूर जल स्त्रोतों मे पानी रूकेगा और जल स्तर मे वृद्धि होगी।

संगीत टीम फग्गू लाल केवट, राजेश सिंह, लाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष सिंह सहित अन्य सहयोगियों द्वारा कला टीम की मदद से गीत की धुन ने समा बांधा।

भईया भूल न जईयो रे, जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान को सफल बनईयों रे,

30 मार्च से 30 जून तक है अभियान ये जारी भईया हे अभियान ये जारी।

पनी की हर बूंद बचाना, सबकी जिम्मेदारी भईया सबकी जिम्मेदारी।

लेना है संकल्प सभी को नर हो चाहे नारी भईया, नर हो चाहे नारी।

भईया भूल न जईयो रे, जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान को मिलकर सफल बनईयो रे।

गांव गांव मे बैठक करके सबको है बतलाना रे भईया सबको है बतलाना।

नदि तालाब और कुंआ बाबड़ी मिलकर साफ कराना रे भईया मिलकर साफ कराना।

जल स्त्रोतो को बहने न देना, बोरी बंधान कराना रे भईया भूल न जईयो रे।

पानी है अनमोल जगत मे, पानी सबका जीवन रे भईया पानी सबका जीवन।

पर्यावरण और पशु पक्षि मानव भी इस पर निर्भर भईया मानव इस पर निर्भर।

सबकी जान बचईयो रे भईया भूल न जईयो रे, भईया भूल न जईयो रे।

जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान को मिलकर सफल बनईयो रे, भईया भूल न जईयो रे।।

---

## 2 मई को एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है।

इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### केन्द्र के समान 55 % डीए दिए जाने पर प्रदेश सरकार का जताया आभार

**पन्ना।** गत दिवस तुलसी नगर, भोपाल में म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन




में मुख्य अतिथि व प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी ने म.प्र. के साढ़े सात लाख कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) 5ः बढ़ाकर केंद्र के समान 55ः करने की विधिवत घोषणा की। साथ ही इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने और बकाया एरियर्स राशि को किस्तों में प्रदाय करने के दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही। इस कर्मचारी हितैषी घोषणा से अभिभूत होकर म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पन्ना के जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव, म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ जिला इकाई पन्ना के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह परमार तथा संयुक्त मोर्चा पन्ना के जिला सचिव विनोद अवस्थी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। इस अवसर पर आर.डी. चौरसिया (अध्यक्ष, शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, पन्ना), रमेश प्रसाद पटेल (जिलाध्यक्ष, अपाक्स), बाला प्रसाद परौहा (जिलाध्यक्ष, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ), डॉ. दिनेश कुमार पटेल (जिलाध्यक्ष, पशु-चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ), सलीम खान (संभागीय अध्यक्ष, हेल्थ डिपार्टमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ), आर.पी.प्रजापति (जिलाध्यक्ष, अजाक्स), राजकिशोर शर्मा (जिलाध्यक्ष, समग्र शिक्षक संघ), अशोक कुमार पाण्डेय (जिलाध्यक्ष, लघु वेतन कर्मचारी संघ), विमल कुमार यादव (पूर्व अध्यक्ष, पटवारी संघ), कमलेश कुमार त्रिपाठी (शिक्षक कांग्रेस) महीप कुमार रावत जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ सहित समस्त कर्मचारी संघों ने जिले के सभी कर्मचारियों की ओर से शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही, कर्मचारी संगठनों ने शासन के विभागीय दिशा-निर्देशों में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों से जुड़ी अन्य लंबित मांगों के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु भी सरकार से विनम्र अपील की गई है।

## भागवत कथा के तृतीय दिवस सती चरित्र का रोचक प्रसंग

# कथा तब सफल है जब हम कथा में नहीं कथा हमारे भीतर बैठ जाए: किशोरी वैष्णवी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से दसोंदी धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि यदि अपने गुरू,इष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक



बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। बलराम जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कमोर् की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान किशोरी जी ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। किशोरी जी ने बताया कि भागवत कथा की सभी व्यवस्थाएं नगर के द्वारा सामूहिक रूप से की जा रही है। भागवत पुराण पर दिए जा रहे प्रवचनों को सुनने के प्रति जनता में अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र अजामिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य यजमान दसोंदी धाम एवं समस्त ग्रामबासी ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

### परिवार में कन्या के जन्म लेते ही पच्चीस पीढ़ी के पितरों का उद्धार हो जाता है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** ग्राम बरखेरा जयसिंह में श्रीमती मनीषा सिंह एडवोकेट धरम सिंह के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि परिवार में कन्या के जन्म लेते ही पच्चीस पीढ़ी के पितरों का उद्धार हो जाता है जो लोग भी भ्रूण हत्या करते अथवा करवाते है उनकी वंश परम्परा ही नष्ट हो जाती है जब विवाह के समय कन्या का कन्यादान किया जाता है तो उस घर में अष्ट सिद्धि और नव निधि का वास हो जाता है। विवाह के दौरान बहुत सी परम्परा निभाई जाती हैं जब तक सभी परम्परा पूरी नहीं हो जाती तब तक कन्या और वर को पति-पत्नी का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। विवाह की हर परम्परा और रिवाज का अपना महत्व होता है इसमें कन्यादान करना बहुत महत्वपूर्ण है कन्यादान का अर्थ होता है की एक पिता अपनी कन्या की प्रत्येक जिम्मेदारी वर को सौपता है कन्या का दान देना सभी दानों में से यह दान सबसे बड़ा दान माना जाता है। हर पिता अपनी बेटी का हाथ वर के हाथ में सौंपता है जिसके बाद कन्या की सारी जिम्मेदारियां वर को निभानी होती हैं। कन्यादान जो कि पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है, विवाह में वर भगवान विष्णु और वधु मां लक्ष्मी का स्वरुप होती है विष्णु रूपी वर की बात करें तो विवाह के समय वर कन्या के पिता को यह आश्वासन देता है कि वो उम्र भर उनकी बेटी को खुश रखेगा और उसे कभी भी कोई विपदा नहीं आने देगा इतना ही नहीं दोनों एक दूसरे के परिवार की जिम्मेदारी को निभाने में एक दूसरे का साथ देंगे कन्या दान को महादान माना गया है ऐसे में जिन माता पिता को कन्यादान करने का मौका प्राप्त होता है। वो काफी सौभाग्यशाली होते हैं जो माता पिता कन्यादान करते हैं उनके लिए इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं है यह दान उनके लिए मोक्ष प्रदान करता है। श्रीमद् भागवत के अनुसार दक्ष प्रजापति ने अपनी कन्याओं का कन्यादान किया था ब्रह्मांड के 27 नक्षत्र प्रजापति की पुत्रियां है जिनका विवाह चंद्रमा से हुआ था। इन्होंने ही सबसे पहले अपनी कन्याओं को चंद्रमा को सौंपा था ताकि सृष्टि का संचालन आगे बढ़े और संस्कृति का विकास हो शास्त्रों में कहा गया है कि जब पूरे विधि विधान के साथ कन्या के माता पिता कन्यादान करते हैं तो इससे उनके परिवार को भी सौभाग्य की प्राप्ति होती है। कन्या की हथेली को एक कलश के ऊपर रखा जाता है और फिर वधु की हथेली पर वर अपना हाथ रखता है। इसके बाद उसपर पुष्प गंगाजल और पान के पत्ते रखकर मंत्र पढ़े जाते हैं फिर पवित्र वस्त्र से वर वधु का गठबंधन किया जाता है इसके बाद सात फेरे होते है।

# संगठन की सक्रियता से पकड़ी गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना पुलिस और आबकारी विभाग की जगह भगवती मानव कल्याण संगठन शराब पकड़ रहे हैं और पुलिस को सौंप रहे हैं ऐसे में पुलिस का कार्य अगर संगठन करें तो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है। दरअसल मामला है नोहटा थाना क्षेत्र के धुनगी तिराहे का जहां रातों-रात शराब गांव में अवैध शराब सप्लाई करने के लिए बाइक में दो युवा ले जा रहे थे। तभी शुक्रवार की रात्रि 9 बजे के करीब संगठन सदस्यों के द्वारा एक बाइक और दो युवकों के कब्जे से एक पेटी अवैध शराब की घेराबंदी करके पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई यह अवैध शराब बम्होरी शराब दुकान से रोड़ गांव में सप्लाई करने के लिए ले जा रहे थे नशा विरोधी जन आंदोलन के ब्लॉक अध्यक्ष देव सिंह ने बताया जिसकी सूचना मिलने पर टीवीएस बाइक क्रमांक एमपी 34 जेड सी 7901 घेराबंदी करके पकड़ी गई । संगठन सदस्यों के द्वारा इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक अवैध शराब की जपती कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें बम्होरी बनवार शराब दुकान एक ही नोहटा थाना क्षेत्र में आती दो शराब दुकानों से आसपास क्षेत्र के पचासों गांव शराब की सप्लाई शराब ठेकेदारों के द्वारा करवाई जा रही है। यह कार्य पुलिस साठगांठ के बिना संभव नहीं खबर तो यहां तक अवैध शराब की सप्लाई में कोई रूकावट न आए इसके लिए शराब ठेकेदारों ने मंथली बांध दी। जिससे अवैध शराब की सप्लाई पर अंकुश लगाने का काम पुलिस के द्वारा भूलकर भी नहीं किया जा रहा। वो तो भला हो भगवती मानव कल्याण संगठन सदस्यों का जिन्होंने नशा विरोधी जन आंदोलन चला रखा है। नहीं तो बनवार बम्होरी क्षेत्र के गांव गांव में अवैध शराब की सप्लाई पर रोकटोक लगाने वाला कोई नहीं था।

## वार्षिक उत्सव में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित




तेंदूखेड़ा। नगर में संचालित एम बी के चिल्ड्रंस पैराडाइज स्कूल, तेंदूखेड़ा का वार्षिक उत्सव एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के हुनर को सबके सामने लाना एवं परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को मंच पर सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती पूजा एवम उनके भक्तिमय नृत्य की प्रस्तुति से गई। कार्यक्रम की खास झलक बुंदेली नृत्य, मां काली एक्ट, सोशल मीडिया एक्ट, देशभक्ति डांस एक्ट आदि रहे। साथ ही एक एक्ट ऐसा भी था जिसमें छोटे छोटे बच्चों द्वारा बाधयंत्र, ढोलक, टिमकी आदि स्वयं बजाकर भजन की प्रस्तुति दी गई। वहीं बच्चों ने भाषण और भारत के सभी राज्य राजधानियों के नाम मंच पर सुनाकर सभी को हैरान कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि नेमचंद साहू, बाला प्रसाद साहू, अमित जैन, साहित्यकार हैदर हुसैन जाफरी, भूपेंद्र सोनी, पंडित रमेष तिवारी, हरिराम साहू, हिम्मत पाल, डोमल साहू, नरेश जैन,भरत साहू, पुष्पराज यादव, सोनू यादव, फिरोज खान, अनिल चैधरी, उमेश विश्वकर्मा, रामकुमार राय, लोकराम साहू आदि की विशेष भागीदारी रही। अंत में संचालक सोनू साहू ने उपस्थित सभी अतिथि, अभिभावक, शिक्षक स्टाफ, कार्यकर्ताओं व नगर वासियों का आभार व्यक्त किया। आप सबका सदैव आभारी रहूंगा।

### भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है : शास्त्री



**बनवार।** ग्राम टिकरी पिपरिया स्कूल के पासबनवार बांदकपुर मुख्य मार्ग के समीप प्रथम दिन भागवत कथा प्रारंभ हुई। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा में पहले दिन पं. उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है, यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है, भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है, यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। बड़ी संख्या में गांव के लोग कलश यात्रा मे सम्मिलित हुए।

## बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करता है अनेक रोगों का निराकरण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया हर बच्चे के हँसते-खिलखिलाते जीवन के लिए, उन्हे चाहिए अच्छा स्वास्थ्य। इसके लिए शुरूआत से ही टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है। आमतौर पर बच्चों के शुरूआती जीवन में होने वाली 11 तरह की जानलेवा बीमारियों से जीवन भर सुरक्षा के लिए सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य करायें। आपके बच्चे को पूरे टीके लगे है, या नहीं जानने के लिए अपने ग्राम अथवा वार्ड की स्वास्थ्य कार्यकर्ता जैसे ग्राम की आशा अथवा ए.एन.एम. से संपर्क करें। अपने बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए छुटे हुए टीके अवश्य लगवायें। बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करने के लिए पथरिया और तेन्दूखेड़ा में चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण सप्ताह 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। पोलियो, निमोनिया, टी.बी, टिटनेस, हेपेटाईटिस-बी, मेनिनजाइटिस, गलघोंटू, खसरा, रूबेला, काली खांसी। दमोह जिले में 91 प्रतिशत बच्चे सम्पूर्ण टीकाकृत है। विकासखंड पथरिया और तेन्दूखेड़ा में तुलनात्मक रूप से कम उपलब्धि होने पर विशेष टीकाकरण सत्र लगाये जा रहे है। पथरिया में 7 एवं तेन्दूखेड़ा में 17 अतिरिक्त टीकाकरण सत्र लगाकर दो साल तक के बच्चों को सम्पूर्ण टीकाकृत करने का कार्य किया जा रहा है।

# वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 10 मई को

## जलकर एवं विद्युत प्रकरणों के निराकरण में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा।

सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया उक्त नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम, 2003 की 135 के अंतर्गत निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 05 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रीलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत छूट एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व 10,00,000 रूपये तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी तथा नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी।

नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग द्वारा जलकर, सम्पत्ति कर के प्रकरणों में छूट प्रदान किये जाने के संबंध में आदेश जारी किये है, जिसके अनुसार सम्पत्ति कर एवं अधिभार की बकाया राशि 50000 रूपये, 50000 से 100000 रूपये एवं 100000 रूपये से अधिक होने पर अधिभार में क्रमशः 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

साथ ही जलकर के मामलों में जलकर एवं अधिभार की बकाया राशि 10000 रूपये तक, 10000 से 50000 एवं 50000 रूपये से अधिक होने पर अधिभार में क्रमशः 100 प्रतिशत, 75 एवं 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उक्त छूट मात्र एक बार ही प्राप्त हो सकेगी एवं वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा करनी होगी तथा 50 प्रतिशत राशि नेशनल लोक अदालत के दिन जमा करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत में बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया समस्त पक्षकारों से अपील की गई है,कि वे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करावें तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### समूह नृत्य से बांधा समां, राज्य मंत्री ने की तारीफ, स्कूल की प्रगति के लिए दी शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

जिले के बटियागढ़ स्थित संस्कार माउंटेन स्कूल में रविवार को प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री पटेल के आगमन पर छोटे छोटे छात्रों ने परेड ग्राउंड कर स्वागत किया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर फूल माला पहनाकर पूजा अर्चना मुख्य अतिथि तियों द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, जिला मंत्री शिवांक असाटी और जिला महामंत्री वेदराम पटेल मौजूद रहे। बच्चों ने नृत्य, भाषण, गीत और नाटक की प्रस्तुति दी। अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति का आनंद लिया। स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर दो वर्षों की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आसपास के गांवों के अभिभावकों और छात्रों ने सहयोग की भावना से विद्यालय को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ और फूलमाला से स्वागत किया।

राज्य मंत्री पटेल ने अपने उद्बोधन में स्कूल परिवार सहित संचालक को शुभकामनाएं दी और कहा कि स्कूल छात्र छात्राओं को बहुत आगे तक ले जाने में अहम् भूमिका निभाता है। स्कूल या कॉलेज में जो वार्षिकोत्सव होते हैं उनमें बहुत सारी प्रतिभाये उभरकर सामने आती हैं। बहुत बड़ी गौशाला अपने पथरिया विधानसभा में मई माह में बनने वाली हैं, जिससे गौवंश अब आवारा नहीं भटकेंगे। और एक योजना और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई है जिसमें 25 से 200 गायों और भैंसों किसान ले सकते हैं, उसके लिए मंत्री ने सभी को आमंत्रित किया है।

मौके पर जनपद सदस्य कमल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राव ब्रिजेन्द्र सिंह, जनपद सदस्य अमजद खान, प्रशांत जैन, मुकेश राय, महेन्द्र राय, कैलाश ठाकुर, रवि तिवारी, गोवर्धन विश्वकर्मा, पत्रकार, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे और सैकड़ों अभिभावक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह निषेध अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्था संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दमोह के एक निजी रेस्टोरेंट में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया यहां पर मौजूद लोगों द्वारा पत्रकारों को बताया गया कि बाल विवाह मुक्त दमोह जिला बनाने के उद्देश्य से ये संस्थान काफी लंबे समय से कम कर रहे हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व आने वाला है इस दिन बड़ी संख्या में विवाह होते हैं कई सामूहिक विवाह समारोह होते हैं और कई आयोजन भी होते हैं जिसमें संभावना रहती है कि बाल विवाह बड़ी संख्या में हो सकते हैं यही वजह है कि अक्षय तृतीया बाल विवाह निषेध अभियान चलाया जाए उसी क्रम में आज पत्रकारों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करने का प्रयास संकल्प समाज से भी संस्था दमोह और महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, संकल्प समाजसेवी संस्था के जिला सामान्य एक देवेंद्र दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि वे लंबे समय से इस अभियान से जुड़े हैं बीते वर्ष उन्होंने करीब 300 बाल विवाह संकल्प पत्र के माध्यम से रोके थे. इस वर्ष में अभी तक 400 बाल विवाह संकल्प पत्र के माध्यम से रोक चुके हैं और अक्षय तृतीया पर भी एक बड़ा अभियान चलाने वाले हैं खासतौर पर धर्म गुरुओं के साथ समंजस्य स्थापित कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कि वे बाल विवाह में शामिल न हो और हो रहे हैं तो उन्हें रोक सके,इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी खुशबू तिवारी मौजूद रहीं, जिन्होंने बताया कि जागरूकता के साथ-साथ लोगों को खुद आगे आकर इस तरह की कदम उठाने पड़ेंगे की बाल विवाह पर विराम लग सके। आज इस पत्रकार वार्ता के दौरान संस्था के सहयोगी सुजात खान, एकता विश्वकर्मा यूनिसेफ से वीरेंद्र जैन, सहयोगी रितु विश्वकर्मा, प्रतिमा सिंह, ऋषभ राठौर, की मौजूदगी रही संस्था के सदस्य ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सहयोग करने की बात कही।

# जनता की मजबूरी पर तांडव करते कर्मचारी/अधिकारी

**सलेहा।** घटना दिनांक 26 अप्रैल की है सुबह से विद्युत आपूर्ति बाधित थी लगभग 12 बजे विद्युत आपूर्ति विभाग के कार्यपालन अभियंता से व्हाट्सएप के जरिए बात होती है तब जाकर विद्युत सप्लाई बहाल होती है ठीक उसके घंटे डेढ़ घंटे बाद फिर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है सब स्टेशन के कर्मचारियों से पूछने पर जवाब गोल माल प्राप्त होते हैं थक हारकर लगभग 4 बजे विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को फोन मिलाना पड़ जाता है उसके बाद अफरा तफरी तो मचती है परंतु वहां से भी नाउम्मीद लौटना पड़ा उसके बाद से लगभग रात को 8 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होती है ठीक आधे एक घंटे बाद फिर लाइट काट दी जाती है उसके बाद लाइट आती तो है परंतु दिनांक 27/04 को सुबह के समय तेज गति से तूफान चलने के मेसेज आते हैं विद्युत आपूर्ति विभाग के ग्रुप से ओर लाइट फिर काट दी जाती है उसके बाद दूसरा मैसेज आता है कि लाइट फॉल्ट है और महज 10 घरों की विद्युत सप्लाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के चक्कर में लगभग दर्जन भर गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित करा दी जाती है फिर विद्युत आपूर्ति लगभग 11बजे के बाद शुरू होती है और आधे घंटे के बाद वापस सप्लाई बाधित हो जाती है। जल जीवन मिशन के तहत होने वाली पानी की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही आखिर जब ये होना है तो लाखों करोड़ों के पाइप जमीन में गाड़ कर क्या हो रहा है क्या वो पाइप के पेड़ पौधे पैदा होंग आखिर चल क्या रहा है क्या विद्युत के खंभे और तार डीथौरा मात्र हैं क्या सफेद हाथी जैसे विद्युत विभाग को जनता का खून चूसने के लिए रखा गया है। सवालों की लिस्ट लंबी है मगर जवाबदार मौन धारण कर जनता की मजबूरी पर भारत नाट्यम करते हुए नजर आ रहे हैं। कहते हैं विद्युत विभाग घाटे में है परंतु आज भी प्रदेश में कितने स्कूल हैं जिनमें लाइट लगी ही नहीं है परंतु हर महीने बिल जरूर आ रहा है और जमा भी हो रहा है। पी एच ई के कितने कनेक्शन है जिनमें आज भी मोटर नहीं चल रही है परंतु बिल आ रहा है और जमा भी हो रहा है। जनता का खून सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा लगातार चूसा जा रहा है। ये लोग पैरासाइट्स की तरह जनता के खून से अपना पेट भर रहे हैं और बदले में जनता को ही चोट पहुंचा रहे हैं। सलेहा की स्थिति किसी सौतेले बेटे से कम नहीं दिखाई दे रही है। जनता दर्द के मारे कराह रही है लेकिन कुछ कर्मचारी अपने रिश्तेदारों के सहयोग के लिए इस हद तक पहुंच जाते हैं कि बाकी के लोगों का बिगाड़ तक कर देते हैं और इन्हें जिम्मेदार अधिकारियों की सह प्राप्त है।

### सीताराम सीताराम रामधुन से दिन-रात गूंजायमान हो रहा सिद्धनाथ आश्रम

**पन्ना।** प्रसिद्ध प्राचीन सिद्धनाथ अगस्त मुनि आश्रम पर्यटन स्थल में जुडने के बाद भव्य सुंदर लगने लगा है क्योंकि स्थान में प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र की तर्ज पर इस स्थान को अति आधुनिक सुंदरता से परिपूर्ण कर दिया है जो दिव्यता के साथ सुंदर मनमोहन हो गया है हालाकी स्थान प्राचीन काल से ही धार्मिक महत्वपूर्ण है क्योंकि देव ऋषि अगस्त मुनि की तपो स्थली है इस कारण प्रभु श्रीराम वनवास काल के समय देव ऋषि से मिलने आये थे स्थान पर कुछ दिनों बिताकर मुनी से अस्त्र शस्त्रों कि शिक्षा ग्रहण की थी राम पथ गवन में जुडने एवं पर्यटन स्थल में जुडने के बाद। स्थान सुंदर भव्य लगने लगा है अब स्थान पर दर्शनार्थियों की संख्या बढने के साथ धार्मिक आयोजन भी खूब होने लगे हैं धार्मिक आयोजनों के लिए कथा पंडाल प्रतिक्षालय भंडारा स्थल पेयजल जैसे विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। हाल ही में पटना बिल्हा एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामूहिक रूप से मासिक अखंड रामधुन संकीर्तन किया जा रहा है यह संगीत में रामनाम संकीर्तन में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ।

वन विभाग द्वारा वन्य जीवों की प्यास बुझाने एवं जल संरक्षण के लिए बनाए गए तालाब

# स्टॉप डैम में एकबूंद पानी नहीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

वन विभाग द्वारा वन्य जीवों की प्यास बुझाने और जल संरक्षण के लिए तालाब और स्टॉप डेम बनाए गए थे। इन संरचनाओं में लाखों रुपये खर्च किए गए थे,लेकिन । इन तालाबों और स्टॉप डेम में बूंद पानी नहीं है, जिससे वन्यजीवों को प्यास बुझाने में मुश्किल हो रही है। यह स्थिति घटिया निर्माण भ्रष्टाचार के कारण हुई है, क्योंकि तात्कालिक रेंज के अधिकारियों ने इन परियोजनाओं में कुछ की लागत राशि निकालकर फूटे पड़े तालाबों की सी सी जारी करवा दी और कुछ स्टॉप डेम तीन चार वर्षों ओंगोइंग काम तो बता रहे लेकिन स्टॉप अपने निर्माण काल में जमीदोज हो गए है दरअसल मामला है जबेरा जनपद से लगी तेजगढ़ रेंज की करनपुरा जोगीखेडा बीट का है जहां करनपुरा जोगीखेडा से लगे जंगलों में वन विभाग विगत वर्षों में जलसंरक्षण और जंगली जानवरों को पेयजल की सुविधा के नाम पर वन क्षेत्र में दो से तीन तालाबों का निर्माण कराया था और घटिया निर्माण के चलते पहली बारिश में यह तालाब फूट गए जिनकी मरम्मत करवाना तक वन विभाग ने उचित नहीं समझा ग्रामीणों की माने तो मशीनों के द्वारा तालाब की मेड़ बनाने की औपचारिकताएं तो पूरी कर दी गई , लेकिन हकीकत में लाखों की लागत से बने इन तालाबों में एक बूंद पानी भी नहीं रुक और आज सूखे पड़े है जिनका लाभ न प्यास बुझाने के लिए वन्य जीवों को मिला है और न ही मवेशियों की प्यास बुझा पा रहे हैं यह तालाब नाम के लिए बने है और न जिनकी गहराई और न ही बांध को मजबूत बनाया गया और इन तालाबों के नाम पर लाखों रुपए की राशि का बंदरबांट हो गया । तभी तो जंगल में बनाए गए तालाबों में गर्मियों के दिनों एक बूंद भी पानी नहीं है।





## निर्माण एजेंसी भी वन विभाग और जांच एजेंसी भी वन विभाग

वन विभाग के रेंज ऑफिसर और अन्य स्टॉफ द्वारा वन क्षेत्र में बनाए गए तालाब, से लेकर अन्य कार्यों की गुणवत्ता ठीक है या नहीं। या फिर जो तालाब, बनाए गए है उसमें पानी भरेगा कि नहीं, मेड़ मजबूत बनाई गई कि नहीं, इन सभी पहलुओं की जांच किसी दूसरी एजेन्सी द्वारा कराया जाना चाहिए, लेकिन वन विभाग के आला अधिकारी ऐसा नहीं करते, बल्कि विभाग के रैंज ऑफिसर निर्माण कार्य की जो जांच रिपोर्ट तैयार कर विभाग के आला अधिकारियों के सामने रख रखी जाती है, उस रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों कि भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया जाता है और यदि कार्य अधूरा है कार्य पूरा करवाने के आश्वासन का झुन झूना दिखा दिया जाता है कार्यस्थल पर गुणवत्ता की जांच किए बिना निर्माण कार्यों की फोटो देखकर विभाग के अफसर बिल पास कर देते है। इस वजह से वन विभाग द्वारा बनाए गए ज्यादातर तालाब तो ऐसे है जिनमें बारिश का पानी कभी नहीं भरता और अपवाद स्वरूप एकाध तालाब जिनमें पानी भर जाता है उसकी मेड़ इतनी इतनी कमजोर होती है कि पहली ही बारिश में पानी के साथ बह जाती है। भ्रष्टाचार का मामला उजागर होता है तो

तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे का कहना है इन तालाबों की मरम्मत कार्य गर्मियों किया जाना था लेकिन आचार संहिता के चलते यह कार्य अभी तक नहीं हो पाया है जबकि मरम्मत के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजा गया है जबकि डिप्टी रेंजर तेजगढ़ चंद्र नारायण चौबे का कहना है इन तालाबों का निर्माण कार्य मेरे कार्यकाल में नहीं हुआ है इसलिए गुणवत्ता को लेकर मैं कुछ नहीं कह सकता

## तेजगढ़ रेंज करनपुरा बीट भ्रष्टाचार के स्टॉप डैम

वन मंडल दमोह वन परिक्षेत्र तेजगढ़ की बीट करनपुरा अंतर्गत जबेरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत करनपुरा हारट और जोगीखेड़ा के जंगलों मे लाखों रुपए की लागत से वन विभाग द्वारा स्टाफ डैम का निर्माण कार्य वर्ष 2021-22 में कराया गया था जिसका कार्य अभी कागजों में चल रहा है लेकिन यह डैम भ्रष्टाचार और बंदर वांट की भेंट चढ़ गए भ्रष्टाचार की गवाही खुद स्टाफ डेम की जर्जर हालत दे रही है जो सिर्फ डैम के स्ट्रक्चर खड़े है नींव की जमीन गायब है स्टाफ डेम में क्रेशर गिट्टी की बजाय जंगल के बोल्डर पत्थर भरकर सिर्फ दिखावे के लिए मनरेगा योजना के तहत जबेरा ब्लॉक की करनपुरा ग्राम पंचायत के गांव हारट के जंगलों में 21 लाख 24 हजार की कुल लगात में से 19 लाख 25 हजार 344 रु की राशि जोगीखेड़ा में 15 लाख 69 हजार की कुल लागत राशि में 13 लाख 62 हजार 241 रुपए का भुगतान हो गया है यानी की कुल लागत राशि में मजदूरों की राशि छोड़कर 95% राशि खर्च हो गई है लेकिन विभागीय अधिकारियों की गड़बड़ी से डैम में पानी संग्रहित नहीं हो रहा है शासन के जल संरक्षण का दावा पूरी तरह से खोखला नजर आ रहा है स्टॉप डैम कागजों में बनकर पूरे हो गए निर्माण एजेंसी फॉरेस्ट विभाग के द्वारा डैम में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी गवाही खुद स्टाफ डैम दे रहे है वावजूद इसके :वन विभाग में निर्माण कार्य स्टाप डेम या कोई भी निर्माण कार्य हो वनविभाग के अधिकारी ही इन कार्यों के ठेकेदार से लेकर इंजीनियर तक सर्वे सर्वा होते हैं. इसलिए इन्हें किसी बात का कोई डर नहीं होता है. क्योंकि वन विभाग के अधिकारियों को यह बात अच्छे से पता है कि हमारे किए गए कार्यों का सत्यापन भी हमें ही करना है इस लिए इन स्टॉप डैम निर्माण में हुए भारी भ्रष्टाचार में लीपापोती की जा रही है दोषी कर्मचारियों अधिकारियों को बचाया जा रहा और वन विभाग के घटिया निर्माण कार्यों की पोल न खुल जाए और विभाग कि किरकिरी न हो जाए इसलिए महीनों से जांच नहीं की गई और किसी अधिकारी और कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हो रही.जबकि यह मामला एसडीओ फॉरेस्ट से लेकर डीएफओ तक के संज्ञान में है और 181 पर शिकायत भी दर्ज है दमोह वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे को जैसे ही गड़बड़ी का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों में उजागर हुआ था तेंदूखेड़ा एसडीओ प्रतीक दुबे को इस मामले की जांच करने के लिए नियुक्त किया गया और 28 मार्च को एसडीओ तेंदूखेड़ा के द्वारा करनपुरा बीट के हारट और जोगी खेड़ा स्टाफ डैम की मौके पर जांच की गई है लेकिन अभी तक न तो जांच रिपोर्ट की जानकारी मीडिया को दी जा रही और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। डीएफओ ईश्वर जरांडे का कहना है मै ऑफिस से बाहर हूं ऑफिस पहुंचकर मैं दिखवाता हूं जांच रिपोर्ट आई है कि नहीं और जांच रिपोर्ट के आधार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# टोरी में कस्तूरबा गांधी छात्रावास का राज्य बाल आयोग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के ग्राम टोरी स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास में राज्य बाल आयोग की दो सदस्यीय टीम ने औचक निरीक्षण कर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में देश विरोधी तथा धर्म विरोधी गतिविधियों के संकेत मिले, जिसने प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। राज्य बाल आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ निवेदिता शर्मा एवं बाल कल्याण समिति दमोह के अध्यक्ष दीपक तिवारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने छात्रावास का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने बताया कि उन्हें हिन्दू देवी देवताओं की पूजा-पाठ करने से रोका जाता है और किसी भी प्रकार की धार्मिक प्रार्थना की अनुमति नहीं दी जाती। छात्राओं ने आरोप लगाया कि अगर कोई पूजा करने की कोशिश करता है तो छात्रावास की वार्डन यशवंती महोबे द्वारा डांट-फटकार लगाई जाती है। छात्रावास में भी कोई प्रार्थना नही होती। वही बताया जा रहा हे कि,वार्डन खुद को किसी संगठन की सन्गठन महामंत्री बताकर प्रभाव का उपयोग करती हैं, जिससे प्रशासन और शिक्षा विभाग कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि छात्रावास परिसर में एक अवैध किराना दुकान का संचालन कराया जा रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में एक्सपायरी डेट का सामान भी मिला किराना की दुकान का संचालन भी वार्डन द्वारा चौकीदार के माध्यम से कराया जा रहा था तथा छात्राओं क्रो पास मे ही लगे सेहजन नमक पेड़ के पत्तों कि पतली दाल बनाकर खिलाई जाती थी, जिसके बाद राज्य बाल आयोग की टीम ने तत्काल इन सामग्रियों को जप्त कर लिया। छात्रावास से सटे विद्यालय में निरीक्षण के दौरान राष्ट्रध्वजों को कचरे में पड़ा पाया गया। इतना ही नहीं, वार्डन के कार्यालय में भारत माता की तस्वीर को टेबल के नीचे उलटा रखा गया था, जिसे देखकर आयोग की टीम ने गहरी नाराजगी जताई। पूरे घटनाक्रम के बाद राज्य बाल आयोग की टीम ने गंभीर आपत्ति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# माँ हरिसिद्ध माता मंदिर में कलश स्थापना व नौ कुंडीय सहस्त्र चण्डी महायज्ञ कल से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के फुटेरा वार्ड नं 1 स्थित माँ हरिसिद्ध माता मंदिर में 18 कलश स्थापना, श्री नौ कुंडीय सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का भव्य आयोजन कल दिनांक 30 अप्रैल बुधवार से 9 मई शुकवार तक होने जा रहा है। श्री श्री १००८ श्री माँ हरसिद्धि मंदिर निर्माण सेवा व्यवस्था समिति ने सोमवार को पत्रकारों को आयोजन के संबंध में जानकारी दी। आयोजन समिति की ओर से सर्वप्रथम मंदिर के मुख्य पुजारी ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि माँ हरिसिद्ध माता मंदिर के सामने बनाई गई यज्ञशाला में नौ दिवसीय यज्ञीय कार्यकम संपन्न होगा। दि. 30 अप्रैल को कलश शोभा यात्रा समय दोपहर 2 बजे से शुरू होगी जो श्री हरसिद्धि मंदिर से चमन चौराहा, पुराना थाना, बकौली चौक, घंटाघर, बड़ापुल महाकाली चौराहा, गौरीशंकर तिगड्डा, मां हरसिद्धि मंदिर तक पुनः आयेगी। अक्षय तृतीया पर कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश होगा। दि. 01 मई को मडंपादि देव आवाहन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ एवं हवन प्रारंभ होगा। इसके बाद दि. 02 मई मंडपादि देवपूजन शिखर कलश पूजन, दि. 03 मई शनिवार शिखर में नौ शेर के रथ पर सवार देवी जी का अनावरण एवं महा आरती, दि. 04 मई को रवि पुख्य योग में देवालय में विराजमान देवी देवताओं का सहस्तार्चन पूजन, दि. 05 मई से 08 मई पूजन, पाठ एवं हवन व दि. 09 मई - अभिजित मुहुर्त में यज्ञ की पूर्णाहुति एवं कन्याभोज/विशाल भण्डारा का आयोजन किया जायेगा। श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ 51 पंडितों द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। नौ दिन तक प्रतिदिन कन्या भोज दोपहर 12 बजे से होगा। नौ दिवसीय रूद्र अभिषेक काशी बनारस के श्री आचार्यों द्वारा कराया जायेगा। यज्ञ में मुख्य यजमान रज्जू शर्मा हटरी वाले परिवार को प्राप्त हुआ है। यज्ञ में मुख्य व सहायक यजमान का चयन छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा पर्ची निकालकर कुल 55 यजमानों का चयन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# आचार्यश्री विद्यासागर पाठशाला का नवीन सत्र आयोजनपूर्वक प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह नगर के पारसनाथ दिगंबर जैन सिंघई मंदिर में आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला के नवीन सत्र का शुभारंभ अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल बच्चों द्वारा अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन से हुआ। वहीं सायंकालीन सत्र में भक्तामर स्तोत्र का पाठ एवं 48 दीपकों से भगवान की महाआरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। विशेष अवसर पर प्रमाणिक समूह द्वारा तैयार की गई शिशुशाला एवं कुमारशाला की नवीन पाठ्यपुस्तकों का लोकार्पण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही सत्र के शुभारंभ पर पाठशाला के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्रों एवं नवीन प्रवेशित छात्रों का भी विशेष सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष सिंघई द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में पाठशाला संचालन समिति के सदस्यों — कविता सेठ, अंतिम सराफ, शिवा जैन, एलिश सराफ, वसुधा सराफ, आस्था जैन शरणम् जैन एवं गुनगुन जैन का भी विशेष सम्मान किया गया। पूज्य मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा से दमोह नगर के प्रथम जैन पाठशाला भवन का आज विधिवत उद्घाटन हुआ। दीप प्रज्वलन एवं नवकार मंत्र के मंगल उच्चारण के साथ शिशुशाला एवं कुमारशाला हेतु निर्मित नए कक्षों को विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया गया। मंदिर अध्यक्ष का उद्बोधन — सुधीर सिंघई - ₹धर्म और शिक्षा का संगम ही सच्चे जीवन का आधार है। आचार्य विद्यासागर पाठशाला के माध्यम से हम बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण कर रहे हैं। यह पवित्र स्थान ज्ञान के साथ संयम और साधना का संदेश देता है। बच्चों का चरित्र निर्माण समाज के उज्जवल भविष्य की नींव है। मैं समस्त समाज को इस पुण्य कार्य हेतु शुभकामनाएँ देता हूँ।

मुख्य अतिथि आनंद जैन ने कहा कि धार्मिक शिक्षा वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाता है। इस पाठशाला में बच्चों को न केवल शास्त्रों का ज्ञान मिलेगा, बल्कि आचरण की पवित्रता भी सिखाई जाएगी। संस्कारित पीढ़ी ही समाज का वास्तविक वैभव है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से यह अद्भुत कार्य हो रहा है। इस शुभारंभ पर मैं हृदय से अभिनंदन करता हूँ। प्रदीप जैन ने कहा कि शिशु मन को धर्म की ओर मोड़ना सबसे बड़ा साधना कार्य है। पाठशाला में शिक्षा के साथ जो संस्कार मिलते हैं, वही जीवनभर प्रकाश देते हैं। यह पाठशाला धर्म और ज्ञान का अद्भुत संगम है।

# प्रभारी मंत्री की नियुक्ति हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष के माध्यम से भेजा पत्र

**दमोह**। विदित हो पिछले कई माहो से दमोह जिले में प्रभारी मंत्री का पद रिक्त है। जिसकी पूर्ति के लिये वरिष्ठ भाजपा नेत्री जिला योजना समिति की निर्वाचित सदस्य नगर पालिका परिषद दमोह की पार्षद श्रीमती कविता राय ने भाजपा दमोह के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे को माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम संबोधित पत्र सौपकर शीघ्र ही जिले में प्रभारी मंत्री की नियुक्ति की जाने की मांग की है। उक्त मांग का पत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित दमोह जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी भेजा गया है। भाजपा पार्षद श्रीमती कविता राय ने कहा है कि प्रभारी मंत्री जल्द नियुक्त होने से जिले के विकास उन्मुखी कार्यो सहित जिला योजना समिति की बैठयों को गति मिलेगी।

# जल चौपाल में जल संरक्षण का लिया संकल्प



**नरसिंहगढ़**। 28 अप्रैल दिन सोमवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह दिशा निर्देश अनुसार नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरद्वानी सेक्टर नरसिंहगढ़के ग्राम पंचायत हरद्वानी ग्राम पंचायत भवन में जल चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर पर प्रभारीअमृत पटेल के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें जल जल संरक्षण के लिए संकल्प लिया गया कि हम सब हर संभव प्रभाव प्रयास करेंगे कि जहां-जहां अनावश्यक पानी बह रहा है उसे संरक्षण करने का प्रयास करेंगे पानी व्यर्थ ना बहाएंगे ना बहने देंगे पानी के लिए जागरूक होंगे और दूसरों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे सभी ग्रामीणों ने जल संवर्धन अभियान के तहत शपथ ली। इस दौरान सभी ग्राम वासियों की सहभागिता रही।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। 8 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को तेजगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया जा रहा.थाना प्रभारी तेजगढ़ अभिषेक पटेल ने बताया अनीश खान पिता शेख नजीर खान उम्र 25 वर्ष निवासी बंजरयाऊ थाना तेजगढ़ को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया जायेगा। जो आठ साल से फरार था,गिरफ्तार करने में अभिषेक पटेल थाना प्रभारी, एएसआई संजय सिंह,प्रधान आरक्षक संदीप महोबिया, आ.चैन सिंह की अहम भूमिका रही।

# आठ माह से फरार चल रहे इनामी आरोपी को पकड़कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

8 माह से फरार 1500 रूपए का ईनामी आरोपी को तेंदूखेडा पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही आरोपी न्यायालय में पेषकर जेल भेजा गया है। ज्ञात हो कि दिनांक 09 जुलाई 2024 को मुखबिर की सूचना पर होण्डा सिटी कार क्रमाक डीएल 3 सीबीए 7231 में रखी 04 पेटी देशी प्लेन शराब व 07 पेटी देशी मसाला शराब का अवैध रुप से शराब का परिवहन करते हुए पिड़रई पांजी के आगे, देवरी निजाम पुल के पास. तेन्दूखेड़ा से आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग कार छोडकर भाग गया था पुलिस ने शराब एवं कार की जप्ती बनाई थी। साथ ही थाना तेन्दूखेड़ा में अपराध क्रमाक 332/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, ईनामी आरोपी संदीप रैकवार पिता मनीराम रैकवार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ मुडर थाना हिण्डोरिया जिला दमोह को तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा ग्राम हरदुआ मुड़र चैकी बांदकपुर थाना हिण्डोरिया से गिरफ्तार किया गया है। गठित टीम में उपनिरी, नीतेश जैन थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. रुपेश तिवारी, प्र.आर. महेश ठाकुर, आर. रणधीर दांगी, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. नीरज नामदेव, सलीम खान चैकी बांदकपुर थाना हिण्डोरिया सउनि राजेन्द्र मिश्रा चैकी प्रभारी बांदकपुर, आर. राजकुमार लोधी सायबर सेल दमोह प्र.आर. राकेश अठ्या, प्र.आर. सौरभ टण्डन शामिल रहे।

# 9 को सीएम आ रहे बांदकपुर, तैयारियों का लिया जायजा

## कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया जा रहा है-कलेक्टर हैलीपेड, सभा स्थल सहित मंदिर आदि की व्यवस्थाएं देखी गई-पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रस्तावित बांदकपुर आगमन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ बांदकपुर पहुंचे और कार्यक्रम स्थल, हैलीपेड आदि स्थलों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने भगवान जागेश्वरनाथ और माता पार्वती के मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया और मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर व्यवस्थाएं भी देखी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद थे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर बॉदकपुर का प्रशासनिक तैयारियों की दृष्टि से भ्रमण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का 9 मई का संभावित कार्यक्रम है, उसके आगमन की तैयारियां ज़ोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। यहाँ पर हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक व मंदिर परिसर की सारी व्यवस्थाओं को एक बार सुरक्षा की दृष्टि से और प्रशासनिक व्यवस्था के पहलुओं से देखा है। सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये लगातार तैयारियों में धीरे-धीरे तेजी आ रही है।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा मुख्यमंत्री जी का यहाँ पर कार्यक्रम 9 मई को प्रस्तावित है। बॉदकपुर जागेश्वरनाथ कारिडोर बनना है, उसके संबंध में यहॉ पर आएंगे यहाँ पर पूजा करेंगे और आम सभा को सम्बोधित करेंगे। आज प्रशासनिक अमला उसी संबंध में यहाँ पर आया है, हेलीपैड और तमाम तरह की जो भी यहाँ पर व्यवस्थाएँ देखनी है, उसके विषय में चर्चा हुई है, और यह प्रयास किये जा रहे है। इस अवसर पर एडवोकेट सुरेश मेहता, प्रबंधक कृपाल पाठक, एडवाकेट अनुराग श्रीवास्तव, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, एसडीओ पुलिस रघु केसरी, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री अनिल अठ्या, सीएमएचओ डॉ.मुकेश जैन, सुनील डबुल्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रतिबंध के बावजूद बिना अनुमति के रात्रि में बोरवेल खनन, मशीन जब्त




**सिंग्रामपुर**। प्रशासन ने जिले में बिना अनुमति बोरवेल मशीन के प्रवेश और खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। लेकिन रातों रात बोर खनन किया जा रहा था जिसकी सूचना पर सिग्रामपुर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने धनेटा गांव पहुंचकर रात्रि में बोर खनन करते हुए बोर मशीन को जप्त किया है। यह बोर मशीन बटियागढ़ क्षेत्र की बताई जाती है। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढे नहीं बताया कलेक्टर द्वारा बोर खनन पर प्रतिबंध लगाया गयाहै लेकिन धनेटा गांव में रातों-रात बोर खनन करने की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर बोरखरण करने वाली मशीन को जप्त करते हुए मशीन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# कृषकों को औषधीय खेती का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सोमवार को मंगल भवन पटेरा में आयुष विभाग के द्वारा औषधीय पौधों की खेती करने हेतु विकासखंड स्तरीय एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पणएवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज के कार्यक्रम में जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेल, पंडित दयाशंकर चौबे, मुन्नालाल अवधिया,पुष्पेंद्र सोनी, दिलीप पटेल,गंगाराम पटेल,पंडित अर्जुन पांडे, पुष्पराज सिंह, आलोक ताम्रकार एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषक बंधु उपस्थित रहे। आयुष विभाग के डॉक्टरों की टीम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।